



# मतदाता सूची के शुद्धिकरण कार्य में किसी तरह की लापरवाही न करें

## अपर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा, बीएलओ द्वारा मतदाताओं का किया जा रहा सत्यापन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 नवम्बर, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मऊगंज जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने सघन निरीक्षण किया.**



उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे घर-घर सत्यापन, गणना प्रपत्रों के संग्रहण की प्रक्रिया का मौके पर जाकर जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सत्यापन से वंचित न रहे और किसी भी मृत या स्थानांतरित मतदाता का नाम सूची में न रहे. उन्होंने मतदान केंद्रों, आवासीय कॉलोनियों और दूरदराज के गांवों का दौरा किया और बीएलओ तथा सुपरवाइजरों से प्रगति रिपोर्ट ली. उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे गणना प्रपत्रों को शीघ्रता संकलित कर उनकी ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करें. मतदाता सूची के शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न करें अन्यथा दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर विशेष जोर दिया.

### एक भी गणना पत्रक डिजिटाइज नहीं, बीएलओ निलंबित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने अब तक एक भी गणना पत्रक डिजिटाईज नहीं करने वाले बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं. जिला निर्वाचन अधिकारी ने मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 183 हर्रई प्रताप सिंह में नियुक्त बीएलओ सहायक शिक्षक रामखेलावन सिंह गोड़ को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में गंभीर लापरवाही पर निलंबित कर दिया है. बार-बार निर्देश दिए जाने बाद भी बीएलओ द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली गई. उनके द्वारा अभी तक एक भी गणना पत्रक डिजिटाईज नहीं किया गया. उनका यह कृत्य घोर कदाचरण की श्रेणी में है और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत दण्डनीय है. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मऊगंज नियत किया गया है. निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी. कलेक्टर ने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी.

# रीवा डाक संभाग में 25 को मनाया जाएगा महालॉगिन डे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, आईपीपीबी-डीओपी वित्तीय निवेश अभियान के तहत रीवा डाक संभाग में 25 नवम्बर को महा लागिन डे का आयोजन किया गया है. डाक विभाग एवं इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय निवेश अभियान प्रारम्भ किया गया है. इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, सरल और विश्वसनीय निवेश सेवाएं उपलब्ध कराना है.**

डाक संभाग के अधीक्षक आर.के. तिवारी ने बताया कि इस अभियान में डाककर्मी एवं बीपीएम डोर टू डोर कैंपेन कर आईपीपीबी खाता, पोसा लिंकेज, डाक जीवन बीमा-ग्रामीण, डाक जीवन बीमा पीओएसबी एवं सुकन्या खाता का लाभ घर-घर जाकर लाभ दिया जायेगा। संभागीय अधीक्षक डाकघर ने कहा है कि डाक विभाग ने आम नागरिकों विशेषकर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बीमा सुरक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं कम प्रीमियम-अधिक बोनस के प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है. यह पहल जन-जन को सुरक्षित और सुलभ बीमा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. डाक अधीक्षक ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों की पढ़ाई और उनकी शादी पर आने वाले खर्च को आसानी से पूरा करने के उद्देश्य से लांच की गई है. इस अनोखी योजना में खाता खुलवाना और इसके फायदे लेना बड़ा ही आसान है. सुकन्या खाता का लाभ समस्त 10 वर्ष तक की कन्याओं तक पहुंचाने का दायित्व केन्द्र सरकार द्वारा डाक विभाग को सौंपा गया है जिसके अंतर्गत इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है. डाक अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक डाककर्मी आईपीपीबी-डीओपी वित्तीय निवेश अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को डाक विभाग की योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेंगे.





# आर्ट फाउंडेशन के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक संदेश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 नवम्बर, बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आर्ट फाउंडेशन के कलाकारों ने रंग उत्सव समिति के सहयोग से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आदिवासी नायक धरती आबा बिरसा मुंडा के योगदान और उनके संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाना था. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बिरसा मुंडा के वीरत्व, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और समाज सुधार जैसे संदेशों को प्रभावशाली अंदाज़ में प्रस्तुत किया. दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय और प्रस्तुति की जमकर सराहना की. कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं को अपने इतिहास और महान क्रांतिकारियों से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष वृजबासी पटेल, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पांडेय, संयुक्त कलेक्टर एमपी द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया, उर्मिला सिंह जिला सयोजक नीलकंठ सिंह मरकाम उपास्तिथि रहे.

# गुढ़ क्षेत्र में खुलेआम शराब की पैकारी, नहीं होती कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 नवम्बर, जहां पुलिस प्रशासन कोरेक्स जैसे नशे पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जड़ समाप्ति के कगार पर पहुंच चुका है.**

वहीं क्षेत्र में गांव-गांव पानी की पाउच की तरह शराब बिक रही है. आबकारी विभाग के संरक्षण में शराब ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव में शराब की पैकारी करवाई जा रही है, जिससे छोटे-छोटे बच्चे तक शराब के गुलाम बनते जा रहे हैं. भारतीय सर्व सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उमेश पिडिहा ने बताया कि क्षेत्र के आसपास के गांवों एवं जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 15 के लगभग सभी गांवों में खुलेआम शराब बेची जा रही है. शराब की पैकारी के कारण युवा पैसे के अभाव में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होते जा रहे हैं, जबकि शराब ठेकेदार युवाओं को नशे के दलदल में धकेलकर जमकर कमाई कर रहे हैं. विभाग की निष्क्रियता के कारण हालात यह दर्शाते हैं मानो विभाग स्वयं ठेकेदारों को संरक्षण दे रहा हो. उमेश पिडिहा ने चेतावनी दी कि यदि आबकारी विभाग ने कार्रवाई नहीं की तो संगठन आंदोलन करेगा.



राष्ट्र समर्पण उत्सव कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते विधायक नागेन्द्र सिंह व अन्य

# नगर निगम रीवा में मनाया गया वर्ल्ड टॉयलेट डे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत टॉयलेट-25 अभियान के अंतर्गत नगर निगम रीवा द्वारा 19 नवंबर को वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया गया.**

इस अवसर पर शहर के सुलभ शौचालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले केयरटेकरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम शौचालय उपयोग में स्वच्छता को प्रोत्साहित करने, नागरिकों को स्वच्छ आदतों के प्रति प्रेरित करने के लिए कर्मचारियों का सम्मान किया गया जो प्रतिदिन शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर ने उपस्थित सभी केयरटेकरों की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए केयरटेकरो का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र वितरित किए. साथ ही उन्होंने शहरवासियों से सार्वजनिक शौचालयों का स्वच्छ उपयोग करने एवं आसपास गंदगी न फैलाने की अपील की. उन्होने कहा कि सफाई रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. कार्यक्रम के दौरान नगर निगम क्षेत्र के सुलभ शौचालय साई मंदिर, कोर्ट परिसर, नगर निगम परिसर, गांधी कॉम्प्लेक्स, गांधी मेमोरियल तथा संजय गांधी हॉस्पिटल के केयरटेकरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर स्वच्छता निरीक्षक महादेव राठौर, स्वच्छ ब्रांड एंबेसडर शशि श्रीवास्तव, स्वच्छता चैम्पियन ममता श्रीवास्तव, आईईसी टीम, सुलभ इंटरनेशनल की टीम सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

# जिस मतदान केंद्र की सूची में आपका नाम है, वहां के बीएलओ से संपर्क करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 नवम्बर, जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है. इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइजेशन का काम तेजी से जारी है.**

इसमें न केवल ईआरओ और एईआरओ की टीमें बल्कि ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, महिला बाल विकास विभाग तथा राजस्व विभाग की टीमें भी कार्य कर रही हैं. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है. कलेक्टर ने वीडियो संदेश में कहा है कि मतदाता सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में रहे. जिस भी मतदान केंद्र की मतदाता सूची में आपका नाम है, वहाँ के बीएलओ से तुरंत संपर्क करें. आपके घर में जो गणना पत्रक दिए गए हैं, उन्हें भरकर अपने बीएलओ को अवश्य जमा करा दें. जो गणना पत्रक भरे हुए प्राप्त होंगे उन्हीं के आधार पर मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार होगा और उन्हीं लोगों के नाम आगे मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे. यदि किसी मतदाता को गणना पत्रक भरने में या यह समझने में दिक्कत आ रही है कि उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में कहाँ पर था तो उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है. बीएलओ को 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है. मतदाता बीएलओ की मदद लें.

# आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी संकल्प दिलाया गया

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 19 नवम्बर, बंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर श्री सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ में राष्ट्र समर्पण उत्सव का भव्य आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह शामिल हुए तथा अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री एवं वंदेमातरम् कार्यक्रम की जिला संयोजक श्रीमती ममता गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता, जिला सह संयोजक हर्षवर्धन सिंह, बंसीलाल साहू और अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाब खान उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज तले भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इसके उपरांत हजारों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से बंदे मातरम् राष्ट्रगीत का वंदन किया गया.

राष्ट्रगीत गान के बाद आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी संकल्प सभी उपस्थित जनों को जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता द्वारा दिलाया गया. इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य गुलाब सिंह, शासकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र तिवारी, डॉ. रेखा मिश्रा, शासकीय कन्या हाई स्कूल के प्राचार्य राघवेन्द्र सोहगौरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र सोनी, मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष कपिल पयासी, मंडल मंत्री अनिल सिंह गहरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता बी. के. पांडेय, दीनदयाल उपाध्याय, उमेश कुमार गुप्ता, दिलीप दुबे, व्यवस्थापक जगदीश अवधिया, सत्यनारायण सोनी, मीडिया प्रभारी एक्टर राज कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, संतोष कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे.

### किसानों को नहीं मिल रहा बीज

मऊगंज, 19 नवम्बर, वर्तमान में मऊगंज कृषि विभाग के कारनामे जोरों पर है. ग्राम पंचायत बरयाकला के किसानों को चना, मसूर, सरसो एवं गेंहू नहीं मिल रहा. कृषि अधिकारी रवि सिंह द्वारा कहा जाता है कि कोई भी बीज उपलब्ध नही है. जिससे किसान बीज के लिये भटक रहे हैं. इस संबंध में किसानों ने कलेक्टर से मांग की गई है इस ग्राम पंचायत की बीज कहां गई है, किसको दिया गया क्यों सभी किसानों को नहीं मिल रहा है. जांच कराई जाय.

### लापरवाही पर वेतन काटने के निर्देश

गुढ़, 19 नवम्बर, नगर परिषद गुढ़ में बी.एल.ओ. के साथ सहायता, घर-घर जाकर मतदाताओं के फार्म प्राप्त करने, भरवाने तथा ऑनलाइन कार्य कराए जाने में लापरवाही बरतने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.एन. सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है. सीएमओ द्वारा 8 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 दिनों का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी जिम्मेदारी से अपना काम करे.

# वित्तीय साक्षरता में योजनाओं की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 19 नवम्बर, ग्राम पंचायत देवरिगवा में मनबोध सिंह के सचिव रामलाल साकेत द्वारा ग्राम पंचायत में वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया.**





जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे. वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच कौशल प्रसाद कुशवाहा ने किया. मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और कहा की हर व्यक्ति को वित्तीय साक्षरता की जानकारी होना बहुत आवश्यक है क्योंकि पैसा होने के बावजूद लोगों को मालूम नहीं रहता यह पैसा किस स्थान पर उपयोग किया जाए इसलिए हर योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में जो आज वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी गई. इससे हमारे गांव के बहुत सारे हितग्राही लाभान्वित होंगे क्योंकि अभी तक इन योजनाओं की जानकारी नहीं थी. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की रोजगार सहायक रिमिता कुशवाहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता कुशवाहा ज्योतिमा सिंह सुनीता तिवारी मनोरमा तिवारी सहायिका शशि कला कुशवाहा शिव कुमारी साकेत आशा कार्यकर्ता सरोज साकेत सरिता तिवारी रानी सिंह ग्राम पंचायत के चौकीदार रामटहल सोंधिया हितग्राहियों में रामवती साकेत राजकुमारी साकेत शशिकला तिवारी रेखा कुशवाहा चंद्रवती आदि उपस्थित रहे.

# जरूरतमंदों व अस्पताल को सौंपे गए कंबल

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 19 नवम्बर, पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार संपति दासगुप्त के मुख्य आतिथ्य एवं राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित जन जागृत चौपाल आश्रम के तृतीय स्नेह सम्मेलन में जरूरतमंदों को कंबल वितरण के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विवेक त्रिपाठी के हाथों अस्पताल प्रबंधन को भी 21 कंबल सौपे गए.**

विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य, पूर्व प्राचार्य डॉ रघुवंश प्रसाद शुक्ला एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक पंडित चंद्रशेखर प्रसाद शास्त्री का विशेष सम्मान से सम्मानित करते हुए संस्था के दो दशक से चल रहे समाज सेवा के कार्यक्रमों एवं उसके उद्देश्य पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पंडित ललित शुक्ला ने प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था गुरु नानक देव के विचारों से प्रभावित होकर आज तकरीबन दो दशक से अपने विभिन्न समाज सेवा के कार्यक्रमों को संपादित करते हुए आज इस मुकाम पर पहुंची है इसका श्रेय हमारे समस्त साथियों को है. उन्होंने कहा कि यह संस्था पूरी तरह बुजुर्गों के आन मान सम्मान को सुरक्षित करने के लिए समर्पित है यही कारण है कि आगामी 15 अगस्त को इसी कार्यालय में पुस्तकालय तथा वाचनालय का शुभारंभ किया जाएगा. कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम दरबार एवं हनुमान जी के सामने वैदिक मंत्र कर के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया. पंडित चंद्रशेखर प्रसाद शास्त्री ने लोगों से नशे का परित्याग करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस संस्था को में वचन देता हूं कि तन मन धन से जब भी आवश्यकता पड़ेगी मैं तैयार मिलेगा आप सभी मुझे आशीर्वाद करें कि हम तीनों बुजुर्ग दीर्घायु हो जिस संस्था के इस पुनीत कार्य को देख सकूं. मुख्य अतिथि पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार संपति दास गुप्ता ने कहां की तकरीबन दो दशक से संस्था के संस्थापक पंडित ललित शुक्ला जी गरीब कन्याओं के विवाह विधवा परित्यक्ता मां बहन बेटियों को प्रत्येक वर्ष हनुमान जयंती पर बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में दर्जनों की संख्या में सिलाई मशीनें वस्त्र कंबल कन्याओं की शादी में वस्त्र शक्कर आटा चावल दाल व अन्य उपहार की सामग्री जहां देते रहे हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को व्हीलचेयर पंखे आदि जैसे समाज सेवा के कार्य गुप्त रूप से चलते रहे किसी को कानों कान सूचना नहीं रही यह तो सहयोग था कि आपके द्वारा प्रत्येक वर्ष बड़ा हनुमान जी में किए जाने वाले विशाल यज्ञों के माध्यम से मुझे भी जब यज्ञ में सम्मिलित होने का शुभ अवसर मिला कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश शुक्ला ने संस्था के द्वारा चलाए गए कार्यों की सराहना करते हुए आयोजक मंडल को साधुवाद दिया. डा. विवेक त्रिपाठी, डॉ रामचंद्र मिश्रा का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया.

### ऐसे कार्य सभी को करना चाहिए

डॉ रघुवंश शुक्ला ने कहा कि पंडित ललित शुक्ला ने जो समाज सेवा का पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया है इसकी जितनी सराहना की जाए वह काम है, ऐसे कार्य सभी को करना चाहिये. विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य ने कहा जन जागृत चौपाल आश्रम के माध्यम से शुक्ला जी ने अपने पूज्य माता-पिता की प्रेरणा से जो समाज व राष्ट्र सेवा का कार्य उठाया है वह सतत चला रहे परमात्मा श्रीमन्नारायण तथा हनुमान जी महाराज से प्रार्थना करता हूं कि आप उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर होते रहे आप सभी से भी आग्रह है कि आप सभी भी शुक्ला जी के इस पुनीत कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करें.

# एक वर्ष से फरार इनामी आरोपी किया गिरफ्तार

## शराब पीने के लिए पैसा न देने पर किया था मारपीट

नवभारत न्यूज

सिरमौर 19 नवम्बर। पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा शैलेन्द्र सिहं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन व एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा शराब पीने के लिए पैसे मांगने व ना देने पर मारपीट करने वाले एक वर्ष से फरार 2000 रूपये के ईनामी आरोपी संतोष कोल उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।



फरियादी केमल कोल थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 03.11.24 को शाम 05 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी आरोपी संतोष कोल उर्फ गुड्डू द्वारा शराब पीने के लिए मुझसे पैसे मांगे जब मैने मना किया तो मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगा मैने गाली देने से मना किया तो हाथ लात घूंसे व डंडे से मेरे साथ मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से चला गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिरमौर में धारा 296,119(1),115(2),351(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया आरोपी घटना दिनांक से लगातार फरार था जिसकी गिरफ्तारी के लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 2000 रुपए के इनाम उदघोषणा की गई थी। मामले में आरोपी को दिनांक 19.11.25 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। संतोष कोल उर्फ गुड्डू पिता श्यामलाल कॉल उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 सिरमौर थाना सिरमौर जिला रीवा, थाना प्रभारी सिरमौर उप निरीक्षक दीपक तिवारी, प्रधान आरक्षक विपिन साकेत आर. 354 कैलाश सोलंकी